उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–1966/26 दिनांक–24.02.26

अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,
समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (पैरामेडिकल),
उत्तर प्रदेश।

विषय–जी0एन0एम0, ए0एन0एम0, समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की पूरक/मुख्य परीक्षाऐं माह मार्च–2026 की परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सख्या–723/26 दिनांक 14.01.2026, 925/26 दिनांक 23.01.2026, 1205/26 दिनांक 03.02.2026 व 1371/26 दिनांक 09.02.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके अन्तर्गत अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 14.01.2026 से 31.01.2026 रात्रि 11:00 बजे तक तत्पश्चात् दिनांक 03.02.2026 से 10.02.2026 तक रात्रि 11:00 बजे तक पोर्टल खोला गया था।

कतिपय प्रशिक्षण संस्थान जो किन्हीं कारणोंवश अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने से वंचित रह गये हैं, ऐसे प्रशिक्षण संस्थानों को अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। **दिनांक 06.03.2026 सायं 05:00 बजे** तक कार्यालय कार्य दिवस में अर्ह छात्र/छात्राओं का कुल परीक्षा शुल्क का एक बैंक ड्राफ्ट, जो कि **"सचिव, उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ"** के पक्ष में देय हो, इनरोलमेंट नम्बर/अनुक्रमांक नम्बर की सूची के साथ इस कार्यालय में प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। अन्तिम तिथि के उपरान्त परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।